Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 23 सितम्बर 2020

एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स	30-सितम्बर-20	1149.25	तेजी	26.05.20	1,012.00	1100.00

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
धनिया (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	6480.00	साइडवेज	14.09.20	6596.00	-
धनिया (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	6610.00	साइडवेज	15.09.20	6654.00	-
जीरा (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	13605.00	मंदी	08.09.20	13875.00	14160.00
जीरा (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	13655.00	मंदी	18.09.20	13920.00	14170.00
हल्दी (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	5788.00	मंदी	08.09.20	5810.00	6050.00
हल्दी (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	5854.00	मंदी	18.09.20	5998.00	6120.00

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ(सितम्बर)	30-सितम्बर-20	793.40	तेजी	27.08.20	766.50	785.00
सीपीओ(अक्टूबर)	30-अक्टूबर-20	791.50	तेजी	27.08.20	759.10	785.00
रिफाइंड सोया तेल (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	934.10	तेजी	26.08.20	883.80	919.00
रिफाइंड सोया तेल(नवम्बर)	20-नवम्बर-20	929.90	तेजी	26.08.20	877.20	919.00
आर एम सीड (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	5377.00	साइडवेज	18.09.20	5412.00	-
आर एम सीड(नवम्बर)	20-नवम्बर-20	5425.00	साइडवेज	18.09.20	5443.00	-
सोयाबीन(अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	3986.00	तेजी	18.09.20	4006.00	3840.00
सोयाबीन (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	3975.00	तेजी	18.09.20	3983.00	3835.00
कैस्टरसीड (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	4184.00	तेजी	25.08.20	4098.00	4080.00
कैस्टरसीड (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	4212.00	तेजी	25.08.20	4058.00	4080.00

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चना (अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	5145.00	तेजी	07.08.20	4204.00	**5000.00**
चना (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	5185.00	तेजी	07.08.20	4245.00	5000.00
कॉटन (अक्टूबर)	30-अक्टूबर-20	18070.00	तेजी	14.09.20	17920.00	17400.00
कॉटन (नवम्बर)	27-नवम्बर-20	17860.00	तेजी	14.09.20	17730.00	17200.00
कोकूड (दिसम्बर)	18-दिसम्बर-20	1834.00	मंदी	18.09.20	1816.00	1875.00
कोकूड (जनवरी)	20-जनवरी-21	1827.00	मंदी	18.09.20	1821.00	1885.00
ग्वारसीड(अक्टूबर)	20-अक्टूबर-20	3982.00	साइडवेज	15.09.20	4068.00	-
ग्वारसीड (नवम्बर)	20-नवम्बर-20	3999.00	साइडवेज	10.09.20	4099.00	-
मेंथा ऑयल (सितम्बर)	30-सितम्बर-20	936.10	मंदी	02.09.20	976.50	975.00
मेंथा ऑयल (अक्टूबर)	30-अक्टूबर-20	943.20	साइडवेज	07.09.20	970.00	-

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेदू	1645.80	1642.50	0.20
धनिया	कोटा	6577.25	6650.90	-1.11
जीरा	ऊंझा	13620.00	13611.10	0.07
हल्दी	निजामाबाद	5550.00	5530.00	0.36

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	801.10	808.00	-0.85
आरएम सीड	जयपुर	5512.25	5468.20	0.81
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	934.70	931.55	0.34
सोयाबीन	इंदौर	3939.00	3998.00	-1.48

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	1948.50	1955.00	-0.33
कॉटन	कडी	17449.40	17449.40	0.00
चना	दिल्ली	5063.35	5047.50	0.31
गेहू	दिल्ली	1800.00	1800.00	0.00

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में रिकवरी होने की संभावना है और कीमतें 5710 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 5830-5850 रू तक बढ़त हो सकती हैं । इरोड के बाजारों में हल्दी की बिक्री में मंगलवार को वृद्धि दर्ज की गई। लगभग एक महीने के बाद मंगलवार को 85 प्रतिशत हल्दी की बिक्री हुई। आवक भी 2,582 बैग तक बढ़ गई। व्यापारियों ने स्थानीय मांग और कुछ अन्य मांग के लिए खरीददारी की है। कारोबारियों ने फिंगर वेराइटी की हल्दी को 400 रुपये और रूट वेराइटी को 200 रुपये प्रति क्विंटल अधिक के भाव पर खरीदा है। इरोड हल्दी मर्चेंट्स एसोसिएशन की बिक्री यार्ड में, फिंगर वेराइटी की कीमतें 5119-6289 रू प्रति क्विंटल और रूट वेराइटी की कीमतें 4,744-5,786 रू प्रति क्विंटल के दायरे में रही। जीरा वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ 13500-13700 रू के दायरे में साइडवेज रहने की संभावना है। इस मौसम में बुवाई क्षेत्र बढ़ने की उम्मीद है । इसके अलावा, अधिक आवक और कमजोर मांग के कारण हाजिर बाजारों में जीरा की कीमतों में गिरावट जारी है। ऊंझा मंडी में कल करीब 15,000 बैग की आवक हुई है। रफ जीरा और उत्तम क्वालिटी की कीमतें 20 रू कम होकर क्रमशः 2100-2200 रूऔर 2450-2500 रू प्रति 20 किलोग्राम हो गई हैं। एनसीडीईएक्स की गुणवत्ता वाली जीरे की कीमत 25 रू कम होकर 2300-2350 रुपये प्रति 20 किलोग्राम थी। बॉम्बे बोल्ड की कीमतें 25 रू कम होकर 2600-2650 रू प्रति 20 किलोग्राम रह गई हैं। धनिया वायदा (अक्टूबर) की कीमतों में 6550 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 6500 रू तक गिरावट हो सकती है। राजस्थान की मंडियों को छोड़कर, देश भर की अन्य सभी मंडियों में धनिया की कीमतों में भारी गिरावट आई। बादामी किस्म की कीमत 1100-1190 रुपये प्रति 20 किलोग्राम और ईगल किस्म का भाव 1145-1240 रुपये प्रति 20 किलोग्राम था। राजकोट में स्कूटर किस्म की कीमत 1190-1290 रुपये प्रति 20 किलोग्राम थी। इस बीच रामगंजमंडी में 4,000 बैग की आवक दर्ज की गई क्योंकि कीमतें पिछले कारोबार सत्र से अपरिवर्तित थीं।

तिलहन और खाद्य तेल

अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले-जुले के संकेतों पर सोयाबीन वायदा (अक्टूबर) की कीमतें 3945-4020 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। चीन को अमेरिकी सोयाबीन की बिक्रके बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका में बेहतर उत्पादन अनुमान के कारण कल सीबोट में सोयाबीन वायदा की कीमतों में गिरावट हुई है। यूएसडीए के अनुसार अमेरिकी किसानों ने सोयाबीन की 6% फसल कटाई को पूरा कर लिया है। मांग के आधार पर, यूएसडीए ने चीन को 266,000 टन अमेरिकी सोयाबीन और 264,000 टन अन्य स्थानों पर बिक्री की पुष्टि की, जो चीन को लगातार 13 वें दिन बिक्री को प्रदर्शित करता है। सरसों वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के 5350-5450 रू के दायरे में साइडवेज कारोबार करने की संभावना है। हाजिर बाजारों में सरसों की कीमतों में पिछले दो दिनों में 100 रू प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी के बाद कल 35 प्रति क्विंटल की गिरावट हुई है और जयपुर मंडी में सरसों का भाव घटकर 5535-5540 रू प्रति क्विंटल रह गया है। अधिक कीमतों पर खरीदार नई खरीदारी करने से हिचक रहे थे। जयपुर में सरसों के तेल की कीमतें 1104-1105 प्रति 10 किग्रा रही है। सोया तेल (अक्टूबर) की कीमतों के 925-940 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है जबकि सीपीओ (सितम्बर) की कीमतों के 785-795 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है । अंतरराष्ट्रीय बाजार से खाद्य तेलों की कीमतों में नरमी का रूझान है। डालियान एक्सचेंज में कीमतों में भारी गिरावट के बाद मलेशियाई पाम तेल वायदा की कीमतों में 1% से अधिक की गिरावट हुई। यूरोप में कारोना के फिर से बढ़ते मामलों के कारण डालियान एक्सचेंज में सोया तेल की कीमतों में 3% और पॉम ऑयल की कीमतों में 4.31% की गिरावट हुई है। सीबोट में सोया तेल वायदा 0.53% गिर गया।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (अक्टूबर) कीमतें 17900 के स्तर के पास सपोर्ट के साथ 18200-18300 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती है। कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने ई-ऑक्शन के जरिए कपास एक्सपोर्ट करने का ग्लोबल टेंडर जारी किया है। बांग्लादेश, वियतनाम, थाईलैंड और चीन को कपास का निर्यात किया जाएगा। कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास अभी भी लगभग 55 लाख बेल(प्रत्येक बेल में 170 किलो) का विशाल भंडार पड़ा हुआ है। इसने गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में पड़े स्टॉक से कपास निर्यात करने की पेशकश की है। राजस्थान में यार्न मिलों की सुधरी तेजी के बीच कपास की कीमतें 400-500 रुपये प्रति कैंडी के स्तर पर बोली गई। चना वायदा (अक्टूबर)की कीमतों के 5100-5170 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। खबरों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सोमवार को मार्केटिंग सीजन 2021-22 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी। चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़कर 5100 रू/क्विंटल हो गया है। ग्वारसीड वायदा (अक्टूबर)की की कीमतें 3920-4020 रू के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि ग्वारगम वायदा (अक्टूबर) की कीमतें 6100-6200 रू के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। राजस्थान और हरियाणा में विभिन्न ग्वारसीड और ग्वारगम बाजारों में सुस्ती का रूझान है। हाजिर बाजार में कारोबारी सतर्क हैं, और अधिक दरों पर खरीददारी नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे आने वाले दिनों में आवक में तेजी आने की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरे, निर्यात मांग अभी भी ग्वारगम उत्पादकों के लिए एक चिंता का विषय है। दूसरी ओर, मौसम की स्थिति पैनी नजर रहेगी ग्वार की फसल को प्रगति के वर्तमान चरण में बारिश की आवश्यकता है। यदि राजस्थान और हरियाणा के ग्वार उत्पादक क्षेत्र में अगले कुछ दिनों तक उच्च तापमान और शुष्क जलवायु बनी रहती है, तो फसल और उत्पादकता प्रभावित होगी।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई (मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल (CDSL) और एनएसडीएल (NSDL) के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई (AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट) रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ) समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।